एक नजर में

दुकान विवाद को लेकर मारपीट

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र में दुकान विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद बढ़ गया, जिसमें एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। फरियादी गिर्राज यादव पुत्र रामकिशन यादव निवासी ग्राम विशनवाड़ा ने थाना बमोरी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत शाम करीब 7 बजे वह गांव के जुझारसिंह की दुकान के सामने खड़ा था। उसी दौरान गांव के लक्ष्मण धाकड़ और विमल धाकड़ वहां आ गए। गिर्राज ने उन्हें बताया कि भविष्य सोनी की दुकान में चोरी हो गई है, इसी बात पर दोनों उससे उलझ पड़े और गाली-गलौज करते हुए थप्पड़-मुक्कों से मारपीट कर दी। गिर्राज ने बताया कि उसके गले में पड़ा दुपट्टा दोनों ने खींच लिया और गला दबाने की कोशिश की, जिससे उसकी गर्दन पर चोट आई। थोड़ी देर बाद दोनों आरोपी कट्टा और गड़ासी लेकर लौटे तथा गिर्राज को जान से मारने की धमकी दी।
जाते-जाते बोले कि आज तो बच गया, अगली बार मिला तो खत्म कर देंगे।

रोंगटे खड़े कर देने वाला मंजर : गुना में भीषण हादसा

उज्जैन दर्शन को जा रहे कानपुर के परिवार के 2 सदस्यों की मौत, डेढ़ साल की बच्ची समेत 4 घायल!

नवभारत न्यूज

गुना 8 नव. का। आस्था के सफर पर निकला कानपुर का एक हंसता-खेलता परिवार शनिवार सुबह गुना बायपास पर काल के क्रूर पंजों का शिकार हो गया। कैंट थानांतर्गत आरटीओ ऑफिस के ठीक सामने, एक बेकाबू ट्रक ने कार को सामने से ऐसी भीषण टक्कर मारी कि कुछ ही पलों में सडक खून से रंग गई। इस हृदय विदारक हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि डेढ़ वर्ष की मासूम सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

जिसमे एक को गंभीर हालत मे रैपर किया है। जानकारी के मुताबिक, कार क्रमांक यूपी 78 ईएफ 9805 में सवार उन्नाव निवासी शुक्ला परिवार कानपुर से उज्जैन महाकाल के दर्शन करने जा रहा था।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे जब उनकी कार बायपास के निकट पहुंची, तो विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एचआर 73 बी 2143 ने उन्हें सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

चीखों से दहल गया बायपास, तीन ने तोड़ा दम

हादसे के बाद बायपास चीखों से दहल उठा। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी चला रहे शिवलाल शुक्ला की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनकेपोते 10 वर्षीय बालक कुंज शुक्ला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवार के चार अन्य सदस्य दीपा शुक्ला (35), डेढ़ साल की मासूम मान्य शुक्ला, रीता शुक्ला एवं 25 वर्षीय स्वाति शुक्ला भीर रूप से घायल हैं। जिसमें स्वाति को रैफर किया गया है। परिवार में बेटा, बहू, दो बच्चे और दादी थीं, अब पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

निर्माण कार्य बना हादसे का कारण!

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहाँ सड? के एक साइड पर निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके चलते अक्सर यातायात की स्थिति बिगड़ जाती है।
आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से ट्रक चालक नियंत्रण खो बैठा और भीषण दुर्घटना हो गई।

घटना के बाद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

इनका कहना है

यूपी के उन्नाव निवासी शुक्ला परिवार महाकाल उज्जैन दर्शन करने जा रहा था। करीब प्रातः 11 बजे बायपास पर आरटीओ ऑफिस के सामने एक ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर घायल हैं। कार में छह लोग सवार थे। जिसमें दो बच्चे थे, उसमें एक बच्चे की मौत हो गई। ट्रक को पकडकर थाने में रखा गया है।
अनूप भार्गव, थाना प्रभारी कैंट

ड्यूटी के बहाने दिल दे बैठे डॉक्टर और नर्स, वीडियो वायरल

गुना। जिले के रूठियाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक डॉक्टर और नर्स के बीच का प्रेम प्रसंग अब पूरे स्वास्थ्य विभाग की चर्चा का केंद्र बन गया है। लंबे समय से दोनों के बीच नजदीकियों की चर्चाएं कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच चल रही थीं, लेकिन जब हाल ही में दोनों का एक वीडियो वायरल हुआ, तो स्वास्थ्य महकमे में हडकंप मच गया। वीडियो के वायरल होते ही विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए डॉक्टर और नर्स दोनों को अलग-अलग स्थानों पर पदस्थ कर दिया है। जानकारी के अनुसार, रूठियाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर का अपनी ही सहयोगी नर्स के साथ प्रेम संबंध काफी समय से चल रहा था। अस्पताल के कुछ कर्मचारियों को इस बात की जानकारी थी, लेकिन किसी के पास ठोस सबूत नहीं थे। इसी बीच किसी ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया और इस दौरान का वीडियो बना लिया। बाद में यह वीडियो सीधे जिला स्वास्थ्य अधिकारी तक पहुंचा, जिसके बाद विभाग ने तत्काल जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि इस वीडियो को भेजने वाले अस्पताल के ही एक कर्मचारी हैं, जो लंबे समय से डॉक्टर से व्यक्तिगत रंजिश रखता था और पहले भी उसकी शिकायतें विभिन्न स्तरों पर कर चुका था। जैसे ही वीडियो की पुष्टि हुई, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने दोनों की तत्काल पदस्थापना बदलने के आदेश जारी कर दिए। आदेश के अनुसार डॉक्टर को फतेहगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और नर्स को मृगवास स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। डॉ. ऋषिश्वर ने बताया कि, हमें एक वीडियो प्राप्त हुआ था जिसमें अस्पताल परिसर में अनुशासनहीनता के प्रमाण मिले। वीडियो के आधार पर दोनों को अलग-अलग स्थानों पर पदस्थ किया गया है। घटना के बाद से पूरा स्वास्थ्य विभाग सकते में है। जहां एक ओर ग्रामीण इस कार्रवाई को उचित बता रहे हैं, वहीं विभागीय स्तर पर इसे स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर धब्बा माना जा रहा है। फिलहाल जांच जारी है और माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट के बाद दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। रूठियाई का यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है — कहीं इसे प्रेम का इलाज गलत जगह कहा जा रहा है, तो कहीं ड्यूटी से ज्यादा दिल के मरीजों की सेवा पर तंज कसे जा रहे हैं।

जामनेर थाना क्षेत्र में उधारी के पैसों को लेकर ठेलेवाले से मारपीट

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र में उधारी के पैसों को लेकर विवाद के दौरान फल-सब्जी विक्रेता से मारपीट और गाली-गलौज की घटना सामने आई है। फरियादी सुंदर केवट निवासी जामनेर ने पुलिस को बताया कि उसने करीब दो माह पहले राहुल खटीक निवासी ब्यावरा से बीस हजार रुपये के उधार आम लिए थे। बीमारी के कारण वह रकम वापस नहीं कर सका था। शाम करीब 6 बजे जब वह जामनेर मंडी में ठेला लगाकर सिंगाड़ा बेच रहा था, तभी राहुल खटीक अपने साथी आकाश खटीक के साथ आया और पैसों की मांग करने लगा। न देने पर दोनों ने उसकी कॉलर पकडकर गालियां दीं और मंदिर ले जाकर कसम खाने को मजबूर किया।

भारत स्काउट एवं गाइड का 75वां स्थापना दिवस मनाया

गुना। भारत स्काउट एवं गाइड के वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को संगठन का 75वां स्थापना दिवस जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारत की आजादी के प्रतीक गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक वंदे मातरम गान और सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पदेन अध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त आलोक जैन तथा जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल के

निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमिश्नर हरिदत्त शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्काउट सह-कमिश्नर डॉ. सतीश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा भाव के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।
75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों, पदाधिकारियों और आम नागरिकों को स्टीकर लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा संगठन की सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया।

दूध देने जा रहे युवक पर हमला

गुना। जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत चौकी रूठियाई क्षेत्र में दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते दूध देने जा रहे युवक पर हमला कर दिया। फरियादी विशाल गुर्जर पुत्र गुलाब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम देहरी ने पुलिस चौकी रूठियाई पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गत सुबह करीब 9ः45 बजे अपने साथी जितेंद्र गुर्जर के साथ हीरो होंडा मोटरसाइकिल से दूध देने रूठियाई आ रहा था। रास्ते में टांटिया जी के मकान के सामने शिवा गुर्जर और राधे गुर्जर खड़े थे, जिन्होंने उसे देखते ही पुरानी रंजिश के चलते माँ-बहन की गालियाँ देना शुरू कर दीं।
फरियादी ने जब गालियाँ देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे उसके गाल और पीठ पर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे जितेंद्र गुर्जर के साथ भी आरोपियों ने धक्का-मुक्की कर दी। इसके बाद दोनों ने धमकी दी कि आज तो बच गया, अगली बार जान से खत्म कर देंगे। मौके पर मौजूद मंजीत ने पूरी घटना देखी और बीच-बचाव किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 351(3) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विपश्यना केंद्र में 23 को होगा धम्म उत्सव, मन की शांति के लिए रहेगा

गुना। शांतिपूर्ण जीवन और मानसिक शुद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, जिले के ग्राम पगारा स्थित धम्म गुना विपश्यना केंद्र में 23 नवंबर को धम्म उत्सव 2025 - विपश्यना पर परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विपश्यना केंद्र के राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि यह उत्सव उन सभी व्यक्तियों, उनके परिवारजनों, सहयोगियों तथा मित्रों के लिए है जो विपश्यना ध्यान साधना के बारे में जानने को उत्सुक हैं। विपश्यना एक प्राचीन ध्यान तकनीक है, जो आत्मनिरीक्षण और मानसिक शुद्धता के माध्यम से सच्ची शांति प्राप्त करने में सहायक होती है, और यह जीवन में संतुलन तथा सुख लाने में भी मदद करती है।
कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे से 10 बजे तक पंजीकरण और जलपान के साथ होगी। इसके बाद, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुख्य सत्र आयोजित होगा, जिसमें विपश्यना का परिचय दिया जाएगा, आनापान ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा, प्रश्नोत्तर सत्र होगा और केंद्र का भ्रमण कराया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम हिंदी भाषा में संचालित होगा, जिसका समापन दोपहर 1 बजे भोजन के साथ होगा। कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति प्रवेश ले सकता है। लेकिन सुचारु व्यवस्था के लिए 22 नवंबर को शाम 5 बजे तक पूर्व-पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक व्यक्ति पंजीकरण के लिए अपना नाम, मोबाइल नंबर 9425381284 पर भेज सकते हैं। इसके अलावा गूगल लिंक से भी पंजीयन किया जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क और सर्वसाधारण के लिए खुला है।

स्नातक प्रथम वर्ष पूरक परीक्षाएं 10 नवम्बर से

गुना। नव स्थापित क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना की स्नातक प्रथम वर्ष पूरक परीक्षाए 10 नबंवर 25 से दो पारियों में आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विस्तृत समय सारणी विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कर दी गई है, साथ ही संबंद्ध गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी के समस्त महाविद्यालयों को भी समय सारणी से अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियत्रंक डॉ. प्रभात चौधरी ने बताया कि सत्र 2024-25 के स्नातक में पूरक की पात्रता प्राप्त सभी विद्यार्थी एमपीऑनलाईन पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। परीक्षा हेतु 04 केन्द्र बनाये गये हैं। गुना जिले के समस्त परीक्षार्थियों हेतु शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना, शिवपुरी जिले के समस्त परीक्षार्थियों हेतु शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी, अशोकनगर जिले शामिल है।

पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने फ्री योजनाओं पर उठाए सवाल

गुना। पूर्व सांसद और चांचौड़ा के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह लंबे अंतराल के बाद गुना में मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने राजनीतिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी, लेकिन साथ ही निकट भविष्य में किसी भी तरह की राजनीति करने या चुनाव लडने से स्पष्ट इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका तात्कालिक फोकस सामाजिक समरसता, युवाओं को रोजगार दिलाना, और वंचित वर्ग को उनके अधिकार दिलाना है। लक्ष्मण सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्री योजनाओं पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ये योजनाएं लोगों को सशक्त करने के बजाय उन पर ही वित्तीय भार बढ़ा रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि महिलाओं ने रोजगार मांगा था, लेकिन नेताओं ने उन्हें नकद देने की योजनाएं शुरू कर दीं। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि महिलाएं घर से ही रोजगार करना चाहती हैं, जिसके लिए स्व-सहायता समूह के माध्यम से काम किया जा सकता है। उन्होंने गुना की महिलाओं द्वारा बांस से फर्नीचर बनाने का उदाहरण दिया और कहा कि सरकार को वित्त और मार्केटिंग के क्षेत्र में सहयोग करना चाहिए, न कि केवल मुफ्त में पैसा देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्री योजनाओं में खर्च होने वाला पैसा अंततः लोगों की जेब से ही निकलता है, जिससे सरकार लोगों पर ही भार बढ़ा रही है। उन्होंने बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की घोषणाओं को भी गैर प्रायोगिक बताया। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि लोग जातिवाद और धर्म में बंटे हुए हैं, जिससे शिक्षा, रोजगार, और व्यापार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। पूर्व सांसद ने 15 नवंबर को गुना में कैंट से एक सामाजिक समरसता यात्रा निकालने की घोषणा की, जिसके बाद एक आमसभा भी होगी। उन्होंने साफ किया कि यह किसी दल का नहीं, बल्कि सभी का मंच है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन पर चर्चा करना होगा। पूर्व सांसद ने गुना जिले से लगभग 50 से 60 हजार मजदूरों के पलायन को एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया और कहा कि समरसता यात्रा में इस पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्थानीय युवाओं को साहूकारों के महंगे ब्याज से बचाकर सही ब्याज दर पर बैंक लोन उपलब्ध कराने की वकालत की। उन्होंने आयुर्वेदिक खेती और वनों के संरक्षण को भी रोजगार सृजन का माध्यम बताया। भविष्य की रणनीति को लेकर लक्ष्मण सिंह का रुख स्पष्ट रहा। उन्होंने दोबारा जोर देकर कहा कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनका वर्तमान कार्य लोगों की परिस्थितियों में सुधार लाने का होगा और वह युवाओं को मंच उपलब्ध कराने और मार्गदर्शन देने का काम करेंगे। सिंह ने कहा, पलटकर देखने वालों में से मैं नहीं हूं। आगे की देखूंगा। लक्ष्मण सिंह ने सरकारी नीतियों पर भी चिंता जताई, खासकर प्राथमिक शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या, पंचायत सचिवों का वेतन न मिलना, और सरकार के 4 लाख करोड़ के कर्ज में होने पर। जनता के बीच की दूरी कम करने और जनसुनवाई जैसे कार्यक्रमों को सुनियोजित न रखने की मांग भी की।

वंदना कॉन्वेंट स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

गुना। वंदना कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीआई सी.पी.एस. चौहान रहे, जिनका विद्यालय प्रवेश पर स्कूली बैंड द्वारा शानदार धुनों के साथ स्वागत किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उप-प्राचार्या सिस्टर जान्सी के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के आदर्शों और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया।
विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर कैथरीन ने अपने संबोधन में नवगठित स्कूल कैबिनेट के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों और नेतृत्व की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल कैबिनेट केवल एक पद नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे ईमानदारी और समर्पण से निभाना चाहिए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि टीआई चौहान और सिस्टर कैथरीन ने मिलकर स्कूल कैबिनेट के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अपने प्रेरक संदेश में श्री चौहान ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और मेहनत को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जो ईमानदारी और दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अव्यवस्था | **जिम्मेदारों की अनदेखी से स्कूल व्यवस्था चरमराई**

बमोरी के बिलखेड़ा में शिक्षा का मंदिर 3 बजे ही बंद

नवभारत न्यूज

गुना। जिले के बमोरी ब्लॉक के बिलखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा का हाल देखकर साफ है कि जिम्मेदारों के अभयदान ने स्कूलों को अनुशासनहीनता की खुली छूट दे दी है। शनिवार को नवभारत टीम ने जब दोपहर करीब 3 बजे बिलखेड़ा विद्यालय का जायजा लिया तो विद्यालय के दरवाजे पर ताला लटका मिला और छात्र घर लौटते दिखाई दिए।

जब कुछ छात्रों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूल रोज़ाना इसी समय बंद कर दिया जाता है और शिक्षक जल्दी घर चले जाते हैं। छात्र ओमप्रकाश, बृजमोहन, अर्जुन और अन्य दो विद्यार्थियों ने बताया कि सर रोज़ जल्दी स्कूल बंद कर देते हैं, 3 बजे ही छुट्टी हो जाती है। वहीं ग्रामीणों ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि ऐसा अक्सर होता है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय

में पांच शिक्षक पदस्थ हैं, फिर भी बच्चे समय से पहले घर भेज दिए जाते हैं। बिलखेड़ा स्कूल का यह कोई अलग मामला नहीं है। बमोरी क्षेत्र के कई स्कूलों में यही स्थिति है। जिले के शिक्षा अधिकारियों की अनदेखी और औपचारिक जांचों के चलते शिक्षक अपनी मनमर्जी से स्कूल संचालित कर रहे हैं। जब भी शिकायतें ऊपर तक पहुंचती हैं, तो जांच करवाने के आश्वासन देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। गौरतलब है कि बमोरी क्षेत्र सबसे अधिक आदिवासी और वनवासी जनसंख्या वाला इलाका है, जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सबसे अधिक जरूरत है। इसके बावजूद शिक्षक अक्सर अनुपस्थित मिलते हैं या विद्यालय समय से पहले बंद कर देते हैं। फतेहगढ़ बेल्ट के कई स्कूलों में शिक्षक राजस्थान या गुना से रोजाना अप-डाउन करते हैं, जिसके चलते वे समय से पहले स्कूल छोड़ देते हैं।

ग्रामीण प्रेमनारायण नायक, जो उस समय पंचायत परिसर में मौजूद थे, ने बताया —मैं कैंपस में ही था, तभी देखा कि 3 बजे ही स्कूल बंद कर दिया गया। यह पहले भी कई बार हुआ है। अब यह तय करना बड़े अधिकारियों को चाहिए कि स्कूल जल्दी क्यों बंद हो रहा है। यह स्थिति केवल बिलखेड़ा तक सीमित नहीं, बल्कि बमोरी ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था का प्रतिबिंब है, जहाँ अधिकारी फाइलों में जांच करते हैं, पर जमीनी हकीकत में कुछ नहीं बदलता। सवाल यह है कि शिक्षा के इस मंदिर में पढ़ाई कब होगी — या फिर ताले ही भविष्य तय करेंगे?

कुंभराज में साहू समाज का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट सम्मान समारोह भव्य रूप से संपन्न

नवभारत न्यूज

कुंभराज। साहू समाज महिला मंडल द्वारा प्रथम बार दीपावली मिलन एवं अन्नकूट सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मंडल की सदस्याएँ और विभिन्न तहसीलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एक दिन पूर्व सात पहर की रामधुन के धार्मिक आयोजन से हुआ। इसके अगले दिन हवन-शांति, ठाकुर जी को 56 भोग अर्पण, महाआरती, सम्मान समारोह और सामाजिक अन्नकूट का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिभाव और उत्सव का माहौल देखने को मिला। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश समिति से डॉ. हेमराज, रामबाबू, अनिल, आभा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी और अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पमालाओं, शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक गुना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल मंडी रोड कुंभराज की संचालिका श्रीमती रमा चंपालाल साहू, न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक मनीष केदारलाल साहू और दुर्गा प्रसाद साहू रहे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कमलेश साहू और नवयुवक मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे। अंत में आभार धर्मेंद्र साहू ने व्यक्त किया।

Presiding Officer: संजीव पिपलादिया

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SEC/0000009/2025)
बाबुलाल यादव.....आवेदक
Vs
सर्व साधारण.....अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांकः- 28/11/2025
प्रेषिती-
(1) सर्व साधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल यादव पिता बंशीलाल ने मृतक नत्थूलाल यादव पिता वंशीलाल यादव निवासी गाम ब्रसंगपुरा तहसील राघौगढ जिला गुना की 56304/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28 नवम्बर 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 नवम्बर 2025को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
यह आज तारीख 28 अक्टूबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(संजीव पिपलादिया)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
राघोगढ़, जिला-गुना (म.प्र.)
1. यदि उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी